दिनांक : 2503.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री- सातवीं नवरात्रि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के सातवें दिन आज मां कालरात्रि का आशीर्वाद मांगा। सोशल मीडिया पर संस्कृत सुभाषितम साझा करते हुए श्री मोदी ने कामना की कि देवी कालरात्रि की कृपा सभी के जीवन को साहस, दृढ़ संकल्प और सफलता से समृद्ध करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देवी की पूजा भक्तों में नए सिरे से आत्मविश्वास जगाती है और सभी को नई ऊर्जा प्रदान करती है।

सूर्य-मित्र कृषि फीडर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में 'सूर्य-मित्र कृषि फीडर' योजना के अंतर्गत चयनित विकासकों को विद्युत क्रय अनुबंध वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश किसानों को दिन में सस्ती और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कृषि मंत्री- समीक्षा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए आगामी खरीफ सीजन के लिए रणनीतिक तैयारियों की समीक्षा की। श्री चौहान ने अधिकारियों को 'फार्मर आईडी' बनाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि उर्वरकों और बीजों का वितरण पारदर्शी तरीके से हो सके। वैश्विक अस्थिरता के बीच किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक 'विशेष सेल' का गठन भी किया गया है, जो खाद और कीटनाशकों की उपलब्धता की साप्ताहिक रिपोर्ट सीधे मंत्री महोदय को सौंपेगा। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि खाद-बीज की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और वे जल्द ही इस विषय पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों से चर्चा करेंगे।

रेलगाडियां

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश में कोविड के बाद लगभग एक हजार 24 नई रेलगाडियां चलाई गई हैं। लोकसभा में आज पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि इसके साथ ही मौजूदा रेलगाडियों में चार हजार 651 नए कोच भी जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यातायात का माध्यम है। सरकार उन्हें निर्बाध और किफायती परिवहन सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

रेलवे की सुरक्षा को लेकर श्री वैष्णव ने कहा कि सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने के कारण रेलगाडियों की दुर्घटनाओं में 90 प्रतिशत तक की कमी आई है। श्री वैष्णव ने बताया कि रेलगाडियों की सुरक्षा पर एक लाख 20 हजार करोड रूपये का निवेश किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री- टाइगर रिजर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री सागर जिले की बामनेर नदी में एक दर्जन कछुओं को रिलीज करेंगे और भविष्य में चीतों के पुनर्वास के लिए 'सॉफ्ट रिलीज बोमा' का भूमि-पूजन भी करेंगे।

रिफिल बुकिंग

केंद्र सरकार ने एलपीजी रिफिल बुकिंग की समय-सीमा को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों का खंडन किया है। पीआईबी द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार, रिफिल बुकिंग के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान व्यवस्था के तहत शहरी क्षेत्रों के लिए 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 45 दिन की समय-सीमा पूर्ववत लागू रहेगी, चाहे कनेक्शन किसी भी श्रेणी का हो।

मौसम

प्रदेश में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। भोपाल, इंदौर और उज्जैन सहित पश्चिमी हिस्सों में गर्मी का प्रकोप है, जहाँ पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुँच गया है। वहीं, मौसम विभाग ने 27 और 28 मार्च को प्रदेश में आंधी और बारिश का नया अलर्ट जारी किया है। कल से सक्रिय होने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभागों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है।

समाचार संक्षेप में :-

- आगरमालवा जिले में सूखी घास, भूसा सहित सभी प्रकार के पशु चारे का जिले से बाहर निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- जबलपुर में सस्ती दरों पर पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आज से 11 दिवसीय पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है।
- छिंदवाड़ा में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर टीबी मरीजों के लिए एक 100 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ किया।
- दतिया जिले के प्रसिद्ध रतनगढ़ मेले में नवरात्रि के दौरान खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मिलावटी मावा और मिठाइयों को जब्त किया है।